प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक सं०: ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/800 दिनांकः 19 मार्च, 2024

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेष,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के समस्त पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट तथा आंतरिक परीक्षाओं के छूटे/अपूर्ण अंकों को ऑन-लाइन अपलोड करने हेतु ई0आर0पी0 लॉगिन पुनः खोले जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2024/673 दिनांक 29 जनवरी, 2024 एवं ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2024/733 दिनांक 23 फरवरी, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की प्रथम एवं द्वितीय चरण की सम्पन्न कराई गई प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट तथा आंतरिक परीक्षाओं के अंकों को ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से अपलोड/प्रेषित किये जाने की सूचना दी गयी थी।

उक्त के क्रम में कतिपय संस्थानों द्वारा विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट तथा आंतरिक परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले कतिपय छात्र/छात्राओं के अंक विश्वविद्यालय के ई0आर0पी0 पोर्टल पर अपलोड/प्रेषित नहीं किये जा सकें। इस हेतु संस्थानो द्वारा किये गये अनुरोध को छात्रहित के दृष्टिगत स्वीकार करते हुए **दिनांक 27 से 30 मार्च, 2024 तक** पुनः ई0आर0पी0 लॉगिन खोला जा रहा है।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूच्य है ऐसे संस्थान जिनके द्वारा अध्ययनरत कतिपय छात्रों की किसी कारणवश प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा समयानुसार सम्पन्न नहीं कराई जा सकी है वे सभी संस्था उक्त तिथियों में विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा सम्पन्न कराते हुए प्राप्तांको को ई0आर0पी0 पर अपलोड/प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए संस्था स्तर से अपलोड किये जाने वाले प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट तथा थ्योरी सेशनल (TS/PS/PE) अंको को उक्त निर्धारित तिथि तक ई0आर0पी0 पोर्टल पर अपलोड/प्रेषित कराते हुए **हस्ताक्षरित हार्ड कापी स्पाइरल बाइन्डिंग** के साथ प्रत्येक दशा **दिनांक 05 अप्रैल, 2024 तक** अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कराने का कष्ट करें। उपरोक्त के सन्दर्भ किसी प्रकार की असुविधा/समस्या की दशा में ई-मेल आई0डी0 **jcoe@aktu.ac.in** पर सम्पर्क करें।

भवदीय

19/03/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक